आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक 23.03.2024 समय 18.30

- **प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन के लिए अब दो कार्य दिवस शेष–भाजपा और कांग्रेस में बची सीटों पर प्रत्याशी चयन के लिए मंथन जारी।**
- **राज्य के चार निर्दलीय विधायकों ने भाजपा को समर्थन दिया–पूर्व सांसद गोपाल सिंह समेत कई नेता भाजपा में शामिल।**
- **प्रदेश में होली पर्व मनाने के लिए लोगों में उत्साह का माहौल–राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं।**
- **बिजली बचाने के उद्देश्य से आज दुनियाभर में अर्थ आवर–डे मनाया जा रहा है।**

000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 12 निर्वाचन क्षेत्रों में अब तक 10 नामांकन पत्र भरे गये हैं। भाजपा और कांग्रेस पार्टी की ओर से किसी भी नेता ने अभी तक अपना पर्चा नहीं भरा है। अब तक जयपुर में तीन, जयपुर ग्रामीण में दो, झुंझुनू, सीकर, बीकानेर, गंगानगर और दौसा लोकसभा क्षेत्र में एक–एक नामांकन भरा गया है। पहले चरण के नामांकन भरने के लिए अब केवल दो कार्य दिवस शेष बचे हैं, ऐसे में मंगलवार और बुधवार को कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों की ओर से नामांकन भरे जाने की संभावना है। भाजपा और कांग्रेस ने राज्य की 25 सीटों में से 15–15 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। कांग्रेस के सहयोगी दल भाकपा ने सीकर से अपने प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। इस बीच, भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की आज नई दिल्ली में बैठक प्रस्तावित है। इस बैठक के बाद बाकी सीटों पर पार्टी के प्रत्याशियों की घोषणा होने की संभावना है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी का भी शेष सीटों पर प्रत्याशियों के चयन को लेकर मंथन जारी है।

000

आगामी लोकसभा चुनाव में 18 से 19 वर्ष की आयु के लगभग एक करोड़ 80 लाख युवा पहली बार मतदान करेंगे। पहली बार वोट देने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए **'आई वोट फॉर श्योर'** जैसे कई सोशल मीडिया अभियान चलाए जा रहे हैं।

000

लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के 'सी–विजिल' एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के पिछले 7 दिन में 1 हजार 515 शिकायतें दर्ज की गयी है। इनमें से 546 शिकायतों का तय समय में निस्तारण कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के लागू होने के बाद प्रतिदिन 200 से ज्यादा शिकायतें मिल रही है। 6 शिकायतें अभी जांच दलों और रिटर्निंग ऑफिसर्स के द्वारा निर्णय के लिए लंबित हैं। वहीं 789 शिकायतें डीसीसी द्वारा ड्रॉप कर दी गयी। श्री गुप्ता ने कहा कि सी विजिल पर आदर्श आचार संहिता की सबसे ज्यादा 241 शिकायतें टोंक जिले से प्राप्त हुई। इनमें से 218 शिकायतें सही पायी गयी।

000

लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश के चार निर्दलीय विधायकों ने आज भाजपा को अपना समर्थन दे दिया है। इनमें चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह, सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी, हनुमानगढ़ विधायक गणेश राज और बयाना से विधायक रितु बनावत शामिल हैं। जयपुर के प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुए समारोह में पूर्व सांसद गोपाल सिंह ईडवा समेत कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

भाजपा से बागी होकर कोटपूतली से चुनाव लड़ने वाले मुकेश गोयल, बस्सी से चुनाव लड़ने वाले जितेंद्र मीणा, जालम सिंह रावलोत, विकेश खोलिया, सुखवंत सिंह, विजय मीणा और दानाराम चौधरी फिर से भाजपा में शामिल हो गए। इस दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जालौर–सिरोही लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया।

000

लोकसभा चुनाव के तहत मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जोधपुर में महिला और बाल विकास विभाग और महिला अधिकारिता विभाग की ओर से महिलाओं द्वारा दुपहिया वाहन रैली निकाली गई। इस रैली को संभागीय आयुक्त ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। भीलवाडा में मतदाता जागरुकता के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने छात्राओं और अभिभावकों को जागरूकता की शपथ दिलाई। जिले के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर

करवाकर मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं जालौर और सांचौर में भी अधिक से अधिक मतदान करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

**000**

प्रदेश में होली पर्व मनाने के लिए लोगों में उल्लास का माहौल है। कल होलिका दहन किया जायेगा और सोमवार को धुलंडी के दिन रंगों से होली खेली जाएगी। होली के मद्देनजर बाजारों में गुलाब और पिचकारियों से दुकानें सजी हुई हैं। बच्चों और युवाओं में होली मनाने के लिये विशेष उल्लास है। पिछले कुछ सालों से होली को इको फ्रेंडली बनाने के लिये फूलों की होली और फूलों से बने गुलाल का चलन बढ़ा है। इस बार भी बाजारों में फूलों से बने गुलाल और रंगों की काफी मांग है। विभिन्न संगठनों की ओर से होली पर पानी बचाने को लेकर भी मुहिम चलाई जा रही है। बीकानेर में रंगो का त्यौहार होली अपने परवान पर है। जिले में होली के पर्व को लेकर बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से—

......................

अलवर में भी होली के अवसर सेठ—सेठानी का नानकशाही स्वांग निकाला गया। स्वांग निकालने की परम्परा राजशाही समय से चली आ रही है। इस अवसर पर शहर के काशीराम चौराहे से मंत्री संजय शर्मा ने स्वांग को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। वहीं चूरू में तीन दिवसीय फागोत्सव आज से शुरू हो गया है। हमारे चूरू संवाददाता की रिपोर्ट—

........................

होली के अवसर पर प्रदेशभर में मन्दिरों सहित अनेक स्थानों पर फागोत्सव मनाये जा रहे हैं। जयपुर के गोविन्ददेव जी मन्दिर में आज भी फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुए।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने होली और धूलण्डी के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में श्री मिश्र ने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने रंगों के इस पर्व को आपस में मिलजुल कर मनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने होली और धुलंडी के पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे सामाजिक बुराइयों और भेदभाव को मिटाने तथा समरसता बनाए रखने का संकल्प लें। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से होली खेलने के दौरान प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने और पानी का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करने का आग्रह किया। पुलिस महानिदेशक यू.आर साहू ने भी प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं।

000

जलदाय विभाग ने **धूलंडी** पर जयपुर शहर में पेयजल सप्लाई की अतिरिक्त व्यवस्था की है। बीसलपुर बांध से धूलंडी के दिन 50 एमएलडी अतिरिक्त पानी की सप्लाई होगी। विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अमिताभ शर्मा ने बताया कि दोपहर साढे 12 बजे से डेढ बजे तक एक घंटे के लिए शहर के अलग—अलग हिस्सों में पानी की अतिरिक्त सप्लाई की जायेगी।

000

आज अर्थ आवर डे है। बिजली बचाने के उद्देश्य से दुनियाभर में यह दिन मनाया जाता है। इसका मकसद लोगों को बिजली के महत्व और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरुक करना है। इस मौके पर आज जयपुर राजभवन में रात साढे आठ बजे से साढे 9 बजे तक सभी गैर—जरूरी बिजली के उपकरण बंद रखे जाएंगे। राज्यपाल कलराज मिश्र ने आम जन से भी अपील की है कि एक घंटे के लिए गैरजरूरी लाइट्स को बंद रखकर अर्थ आवर डे में सभी सहभागिता निभाएं।

**000**

विश्व मौसम दिवस मनाया है। इस अवसर पर मौसम केंद्र जयपुर कार्यालय में "मौसम प्रदर्शनी" का आयोजन किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों के विधार्थी और शोधार्थी पहुंचे। केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को मौसम केंद्र की कार्यप्रणाली और तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। वहीं मौसम की चुनौतियों के बारे में भी आमजन को जागरूक किया गया।

000

राज्य के ज्यादातर हिस्सों में अब गर्मी का असर तेज होने लग गया है। कई जिलों में दिन का तापमान 35 डिग्री से उपर मापा जा रहा है, जबकि कहीं—कहीं पारा 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने लगा है। रात का तापमान भी बढने लगा है। बीती रात जयपुर, डूंगरपुर, बाडमेर तथा जैसलमेर में तापमान 20 डिग्री से उपर रिकॉर्ड हुआ। जालौर में 23 दशमलव 3 डिग्री वहीं फलौदी में न्यूनतम तापमान 24 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस मापा गया। मौसम केंद्र जयपुर ने कल जयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग के कई जिलो में मेघगर्जन, बिजली गिरने और हल्की वर्षा की चेतावनी जारी की है।